





## एक नजर में

### भावांतर योजनाओं के बिंदुओं पर चर्चा हुई



**शुजालपुर, 4 अक्टूबर .** कृषि उपज मंडी समिति शुजालपुर में शनिवार को सोयाबीन के लिए भावांतर भुगतान योजना तहत संयुक्त संचालक आंचलिक मण्डी बोर्ड उज्जैन एवं कलेक्टर शाजापुर के निर्देश पर कार्यक्रम आयोजित किया . इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भारसाधक अधिकारी राजकुमार हलदर एवं मंडी सचिव शिव प्रसाद राजपूत सहित अन्य उपस्थित थे . बैठक में शासन द्वारा जारी किए गए भावांतर योजना को लेकर निर्देशों के संबंध में चर्चा की गई . बैठक में किसान संघ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी संघ पदाधिकारी व मंडी कर्मचारी मौजूद रहे .

### सेवानिवृत्त प्राचार्य ने दिए टिप्स



**शुजालपुर, 4 अक्टूबर .** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर शुजालपुर शहर में बोर्ड कक्षा 12 के परीक्षा को लेकर शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया . जिसमें शारदा सीएम राइस के सेवानिवृत प्राचार्य एनडी गुप्ता ने छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को मार्गदर्शन दिया . गुप्ता ने छात्रों से परीक्षा को लेकर तनाव नहीं लेने सहित अन्य मार्गदर्शन दिए. सेवानिवृत्त प्राचार्य ने कहा कि छात्र अपनी दिनचर्या समय का सदुपयोग करें तथा प्रात: जागरण करते हुए किसी भी प्रकार की परेशानी के लिए अपने शिक्षकों से समाधान के लिए सम्पर्क करें . इस अवसर पर समिति कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुरेनिया ने भी छात्रों को मार्गदर्शन दिया. कार्यक्र म में अभिभावकों सहित छात्र-छात्राएं व शिक्षक मौजूद थे .

### गांधी जयंती पर मो . बड़ोदिया में धड़ल्ले से बिकी शराब



**मोहन बड़ोदिया, 4 अक्टूबर .** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने शाजापुर जिले में देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री की कम्पोजिट मदिरा दुकानों के लिए 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित था, इसके उपरांत मोहन बड़ोदिया में कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ती दिखी. मोहन बड़ोदिया के नलखेड़ा रोड़ पर बिना लाइसेंस देशी अंग्रेजी शराब की दुकान संचालित हो रही है वहां गुरुवार को गांधी जयंती पर कलेक्टर ने शुष्क दिवस घोषित किया इसके बावजूद धड़ल्ले से शराब परोसी गई. इसको लेकर ग्राम जसवाडा के ग्रामीणों में विजय पाटीदार, देवकरण और सलमान ने गुरुवार रात 9 बजे आपत्ति लेते हुए मीडिया से चर्चाकर जानकारी दी . वहीं शराब वितरण का एक वीडियो भी सामने आया है जो जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है .

### वन्य प्राणियों के संरक्षण पर कार्यशाला हुई



**शुजालपुर, 4 अक्टूबर .** वन विभाग द्वारा वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है . वन परिक्षेत्र अधिकारी शुजालपुर के निर्देशन में ग्राम पंचायत भवन खेड़ी मंडलखां में वन्य प्राणियों के सरंक्षण, संवर्धन एवं उनकी सुरक्षा के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें वन रक्षक हरीश चन्द्र सक्सेना ने वन्य प्राणियों के बारे में विस्तार से बताया . इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामचंदर पाटोंदिया, ग्राम पंचायत सरपंच वहीद खां, वन विभाग शुजालपुर डिप्टी रेंजर राजेश जावरिया, योगेश जावरिया, अजय देशमुख, अंतरसिंह मीना आदि उपस्थित थे. सेवा पखवाडा कार्यक्र म तहत विभाग द्वारा ग्राम खेड़ी मंडलखां में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया. इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे.

### सड़क पर जल भराव से ग्रामीण परेशान



**शुजालपुर, 4 अक्टूबर .** बारिश का दौर तो समाप्त हो गया लेकिन क्षेत्र के ग्राम अलीसरिया के मुख्य मार्ग पर जल भराव की स्थिति अभी भी बनी हुई है . जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है . लोक निर्माण विभाग की अनदेखी पर ग्रामीणों में रोष है . ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य मार्ग का कुछ हिस्सा तालाब में तब्दील हो चुका है, वर्षाकाल के पानी की निकासी नहीं होने से सड़क पर पानी जमा है और इसकी वजह से मार्ग पर बडे गड्ढे हो चुके है जो कि पानी भरा होने से दिखाई नहीं देते है और वाहन निकालने के दौरान दुर्घटनाएं हो रही है . इस मार्ग से पैदल निकलने में भी ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है . ग्रामीणों ने सड़क के इस हिस्से की मरम्मत और पानी निकासी की मांग करते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग ने इस समस्या पर गंभीरता नहीं दिखाई तो चक्का जाम आंदोलन जैसा कदम उठाना पडेगा .

# 63 हजार में से दिए केवल 6 हजार, मजदूरी के बजाए दी गाली

## मजदूरी न मिलने पर मजदूरों ने किया कलेक्टर निवास का घेराव, खेत मालिक पर लगाया धमकी का आरोप

**शाजापुर, 4 अक्टूबर. शाजापुर में सोयाबीन कटाई के लिए उमरिया जिले से आए मजदूरों ने मजदूरी न मिलने पर शनिवार को कलेक्टर निवास पर धरना दिया. मजदूरों का आरोप है कि उन्हें कई दिनों तक काम करने के बाद भी पूरी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है. खेत मालिक ने 63 हजार में से केवल 6 हजार रूपये दिए.बाकी रकम देने के बजाए वह गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दे रहा है.**

छरअसल मजदूरों ने इससे पहले भी कलेक्टर से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. शनिवार को कलेक्टर निवास पर पहुंचने पर कलेक्टर ने उनसे मुलाकात नहीं की. कोतवाली थाने से पहुंचे पुलिस बल ने मजदूरों को थाने ले जाकर उनकी बात सुनी. कोतवाली थाना प्रभारी संतोषसिंह वाघेला ने मजदूरों की शिकायत दर्ज की. इसके बाद मजदूर एसडीएम से मिलने के लिए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे.

**दो मजदूर समूहों के साथ की गई बेइमानी...**

उमरिया जिले से मजदूरों के दो समूह सोयाबीन कटाई के लिए बेरछा रेलवे स्टेशन पर उतरे थे इनमें से एक समूह में गंगाराम चौहान के साथ 14 मजदूर थे, जिन्हें खेरखेड़ी निवासी अर्जुन के खेत पर काम के लिए ले जाया गया. इन मजदूरों ने 9 दिनों तक काम किया, जिसकी कुल मजदूरी 63 हजार बनती है. उन्हें केवल 6 हजार रुपए दिए गएए जबकि 57 हजार रुपए बकाया है. मजदूरों का आरोप है कि खेत मालिक ने शेष राशि देने से इनकार कर दिया और उनके साथ गाली गलौज भी की. दूसरे समूह में केदार ओमकार के साथ उनके 11 रिश्तेदार शामिल थे. इन्हें बिरगोद निवासी किसान देवेंद्र के खेत पर सोयाबीन काटने के लिए ले जाया गया. इन मजदूरों ने 10 दिनों तक काम किया, जिसकी कुल मजदूरी 57 हजार 850 रुपए बनी. इसमें से उन्हें 10 हजार रुपए का भुगतान किया गया, जबकि शेष राशि देने से किसान ने मना कर दिया. मजदूरों का कहना है कि पैसे मांगने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और गाली.गलौज की गई.





### प्रशासन से की पैसे दिलाने की मांग...

दोनों ही समूहों के मजदूरों ने अपनी मजदूरी के लिए प्रशासन और पुलिस से गुहार लगाई है . मजदूरों का कहना है कि वे हर साल यहां सोयाबीन काटने आते हैं, लेकिन इस बार उन्हें अपनी मेहनत का पूरा पैसा नहीं मिल रहा है . इस मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है . मजदूरों ने मांग की है कि उनका पैसा दिलाया जाए ताकि वे भी आगामी त्यौहार मना सकें .

***इनका कहना है***

*मजदूरों और दोनों खेत मालिकों को भी बुलाया गया है. मामला समझने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी.*

***-मनीषा वास्कले, एसडीएम, शाजापुर***

### कांग्रेस ने मनाई गांधी जयंती

**शुजालपुर, 4 अक्टूबर.** गांधी पार्क पर ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस ने महात्मा गांधी की जयंती प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनाकर मनाई. कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी अमर रहे के नारे लगाए व महात्मा गांधी द्वारा बताए गए सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने की शपथ ली. कांग्रेस नेता चिरोंजी काका ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत देश को आजादी दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. जिसमें महात्मा गांधी ने अनेक महत्वपूर्ण आंदोलन किए. इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड, सागर परमार, रईस पठान, बल्ला सोनी, इंजीनियर अनिल नालमे, मनोहर जाटव, विष्णु शर्मा, सुरेन्द्र सिंह तोमर, विशाल शर्मा, मोहन धनगर, हेमंत नालमे, अनिल अग्रवाल,आबिद टेलर,संतोष धनगर, हरि मालवीय, केशव परमार आदि उपस्थित रहे.

# अपने अंदर के रावण को मारो, फिर जयश्री राम कहो...

**बात शाजापुर की**
**मनोज पुरोहित**

वर्षों से असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व रावण दहन कर मनाया जाता आ रहा है. हम कब तक हम पुतला रूपी रावण को मारेंगे. लोगों के अंदर जो रावण रूपी बुराई है उसका वध कौन करेगा. आज भी सच पर झूठ भारी है. धर्म के नाम पर राजनीति है, अच्छाई कोने में है तो बुराई का ढंका बजता है. कहा जाता है कि रावण के दस मुंह थे, लेकिन वर्तमान में रावण के कितने रूप हैं जिसको गिनना मुश्किल है. भ्रष्टाचारी रावण, सांप्रदायिक रावण, वैमनस्यता रावण, छल कपट रावण, अंहकारी रावण, लालच रावण, गरीबी का रावण, असमानता का रावण, छुआछूत का रावण, वासना का रावण, यह रावण आज भी कहीं ना कहीं देखने को मिलते हैं. हर साल विजयदशमी मनाकर हम एक दूसरे को बधाई देकर बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व मनाते हैं. क्या हम रोज बुराई पर अच्छाई की बात नहीं कर सकते हैं. क्या हम समाज में असत्य पर सत्य को नहीं जीता सकते हैं. क्या हम अधर्म पर धर्म को नहीं जीता सकते हैं. लेकिन आज हर तरफ कलयुगी रावण को लोगों ने अंदर बैठा रखा है. जब तक अंदर का रावण नहीं मरेगा, जब तक अंदर के राम को हम कैसे जागृत कर पाएंगे. आज भ्रष्टाचार का रावण पूरे देश में तांडव मचा रहा है. जो गरीब है वह गरीब होता जा रहा है जो अमीर है वह अमीर होता जा रहा है. शासन प्रशासन में भ्रष्टाचार के रावण का बोलाबाला है. करीब चालीस साल पहले आई एक फिल्म रोटी एक गाना आया था ***यार हमारी बात सुनो ऐसा एक इंसान चुनो, जिसने पाप ना किया हो जो पापी ना हो...***यह गाना आज भी पूरी तरह चरितार्थ होता है.

**फ्लैक्सपुर में आपका स्वागत है...**

धन्यवाद, नगर पालिका को कि उन्होंने शहर में लाइट के खंबे लगाकर शहर के नेताओं को लटकने का सहारा दिया. अगर यह खंबे नहीं होते तो नेता बेसहारा नजर आते. उभरते नेताओं के लिए यह खंबे किसी संजीवनी से कम नहीं है. खंबे केवल अचार संहिता में ही राहत महसूस करते हैं. लेकिन उस समय प्रशासनिक फ्लैक्स टंग जाते हैं यानि खंबे पूरे समय फ्लैक्स का बोझ उठाते रहते हैं. शाजापुर अब फ्लैक्सपुर बन चुका है. सीमा में प्रवेश करते ही अलग-अलग मुद्रा में अलग अलग लोगों के फ्लैक्स नजर आ जाएंगे. यूं तो फ्लैक्स रोगियों की कमी नहीं है. शहर में हालत यह है कि फ्लैक्स लगाने के लिए त्यौहार कम पड़ गए हैं. वह तो शुक्र है कि सूरजपूजा, उठावना और अंतिम यात्रा के फ्लैक्स से शहर अछूता है.

**इस बार कांग्रेसी भी पथ संचलन में नजर आए**

शहर के कुछ कांग्रेसी भी इस बार आरएसएस के पथ संचलन में नजर आए. हालांकि पथ संचलन में कोई भी किसी भी दल का शामिल हो सकता है लेकिन जो कांग्रेसी इस बार पथ संचलन में नजर आए वह चर्चा का विषय इसलिए है कि उनका एक काम शासन प्रशासन में फंसा हुआ है. हो सकता है पथ संचलन में शामिल होने के बाद वह अपना काम निकालने के लिए लोगों को बता सकें कि वह पुराने स्वंयसेवक हैं.

**अंत में...**

*महत्वपूर्ण यह नहीं कि रावण विद्वान था, महत्वपूर्ण यह है कि एक विद्वान भी रावण हो सकता है.*

# राज्य स्तरीय कराटे स्पर्धा में विद्यार्थियों का चयन







**शाजापुर, 4 अक्टूबर. स्थानीय एमजी कान्वेंट स्कूल की छात्रा एरिका गुप्ता, चंचल कराड़ा और ईटरनल स्कूल के छात्र कौस्तुभ उमठ का शालेय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ.**

खेल शिक्षक विजय ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि संभाग स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर तीनों खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ है. राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता शनिवार 4 से 8 अक्टूबर तक ग्वालियर में आयोजित की जा रही है. इस अवसर पर खेल शिक्षक विजय ठाकुर, विनय चौधरी, उमेश उमठ, डॉ. शुभम गुप्ता, पवन कराड़ा ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु ट्रेन से ग्वालियर रवाना किया.

# चौकीदार के परिवार ने लट्ठ और फरसे से किया हमला

**शाजापुर, 4 अक्टूबर. जिले के अकोदिया स्थित गुलाना पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम कोहड़िया निवासी गुलाब सिंह ने शनिवार को गांव के चौकीदार मनोहर और उसके तीन भाइयों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है. पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है.**

जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल की लाइट बंद होने पर टोकने को लेकर हुए विवाद में चौकीदार और उसके भाइयों ने गुलाब सिंह, उसके बेटे और भाई पर हमला कर दिया. जिससे तीनों घायल हो गए. गुलाब सिंह 60 ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 3 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे वह अपने घर पर मौजूद थे. उनका घर कोहड़िया में तालाब की पाल के पास रपटे के पास है. इसी दौरान गांव का चौकीदार मनोहर अपनी मोटर साइकिल से बिना लाइट जलाए उनके घर के सामने से निकल रहा था, गुलाब सिंह ने उसे रोका और पूछा कि वह लाइट बंद करके क्यों जा रहा है, क्योंकि उनके यहां पहले चोरी हो चुकी है. इस बात पर चौकीदार मनोहर आग बबूला हो गया और गाली गलौज करने लगा. उसने अपने भाई बाबू, दिनेश और राहुल को फरसी और लाठी के साथ बुला लिया. मनोहर ने लाठी से गुलाब सिंह पर हमला किया. जब गुलाब सिंह का बेटा सतीश और भाई राजमल उन्हें बचाने आए तो राहुल ने सतीश को फरसी मारी, जिससे उसका बायां कान कट गया. दिनेश ने राजमल के सिर पर फरसी से वार किया, जिससे उसे चोट लगी. बाबू ने भी सतीश और राजमल के साथ लाठी से मारपीट की. जिससे उन्हें शरीर पर अन्य चोटें आईं. घायलों को पहले गुलाना अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें निजी वाहन से शनिवार को शाजापुर अस्पताल भेजा गया.

### कर्मचारी महासंघ की बैठक उज्जैन में

**शुजालपुर, 4 अक्टूबर.** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक मौन तीर्थ पीठ उज्जैन में 5 व 6 अक्टूबर को होगी. संघ के संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सहित विभिन्न प्रदेशों के अध्यक्ष, सचिव, संघठन मंत्री सम्मिलित रहेंगे. इस बैठक में देशभर के लगभग 22 राज्यो के राष्ट्रीय एवं प्रदेश प्रतिनिधि शामिल होकर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श कर करेंगे. संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया की दिनांक 6 अक्टूबर को राज्य कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस है, जिसे प्रदेश में उत्सव की तरह मनाया जाएगा. जिसको लेकर संगठन द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है और पूरे प्रदेश भर में स्थापना दिवस जिला स्तर पर मनाया जाएगा.

# रसेयो स्वयंसेवकों ने अपने प्रमाण पत्र देकर अपनी असंतुष्टि व्यक्त की

## लक्ष्मी का नाम रासेयो पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में नहीं, रासेयो जीवन के पूरे प्रमाण पात्र रासेयो राज्य अधिकारी के नाम वापस किए

**शाजापुर, 4 अक्टूबर. पिछले दिनों सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2025 हेतु विश्वविद्यालय स्तरीय चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया था. जिसमें जिला शाजापुर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका लक्ष्मी पुष्पद ने भाग लिया था. वहां लक्ष्मी ने अपनी योग्यता के अनुसार अच्छा प्रदर्शन किया था. चयन प्रक्रिया में शामिल सभी छात्रा स्वयंसेविकाओ में लक्ष्मी ने अच्छी परेड के साथ अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति में एकल सांस्कृतिक वाद्ययंत्र की प्रस्तुति भी दी थी जो अन्य किसी छात्रा स्वयंसेविकाओ ने नहीं दी थी.**

इसके पश्चात भी लक्ष्मी का नाम रासेयो पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2025 की मुख्य सूची में नहीं होने पर इकाई के वरिष्ठ स्वयंसेवको में राहुल वर्मा, रवि कुमार, हर्षिता पाटीदार, पिंकी मेवाड़ा, भवानी सिंह, नेहा मालवीय आदि ने अपने रासेयो जीवन की अभी तक की समस्त उपलब्धियों जैसे रासेयो पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2022 व 2023 राष्ट्रीय एकता शिविर राज्य स्तर के शिविर बी एवं सी प्रमाण पत्र आदि के वास्तविक प्रमाण पत्र को रासेयो राज्य अधिकारी के नाम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा को वापस कर चयन प्रक्रिया में अपनी असंतुष्टि व्यक्त की है. वरिष्ठ स्वयंसेवको ने बताया की पिछले कई वर्षो में से लगातार केवल रतलाम तथा उज्जैन जिले के स्वयंसेवको को सूची में उच्चतर स्थान पर रखा जा रहा है. जिससे शाजापुर जिले के स्वयंसेवको में रासेयो में रूचि कम होती जा रही है जिसका परिणाम इस वर्ष आयोजित जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया में पूरे स्वयंसेवको ने भाग नहीं लिया और जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया आयोजित नहीं हुई. क्योंकि पिछले कई वर्षो से चल रही भेदभाव की घटनाओं से अब स्वयंसेवको को पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में रूचि नहीं रही. आपको बता दें की लक्ष्मी ने इसी वर्ष जिला स्तरीय परेड में पहली बार लगने वाले रासेयो परेड दल को गणतंत्र दिवस पर दूसरा एवं स्वतंत्रता दिवस पर अपने दल को तैयार कर प्रथम स्थान से गौरवान्वित किया था, तथा लक्ष्मी ने राज्य स्तर शिविर एवं जिले की पहली साहसिक शिविर स्वयंसेविका शाजापुर का सबसे बड़ा मेला मां राजेश्वरी में पिछले साल पहली बार व्यवस्था में लगने वाले रासेयो दल को लीड करने स्वयंसेविका रही है. लक्ष्मी ने इसी प्रकार की कई उपलब्धियां अपनी इकाई के लिए हासिल की है, जिसका चयन न होना वरिष्ठ स्वयंसेवको को वास्तविकता में भेदभाव लगता है.



**एक नजर में** — महाविद्यालय में आयोजित हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता

# विद्यार्थियों ने टेबल टेनिस और शतरंज में दिखाया हुनर

**सुसनेर, 4 अक्टूबर. स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी वार्षिक क्रीड़ा गतिविधि समय सारणी अनुसार प्राचार्य डॉ.जीसी गुप्ता के निर्देशन में जिला स्तरीय शतरंज एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ.**



प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय सोयतकला की क्रीड़ा अधिकारी डॉ.श्वेता भल्ला, महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी मनोज कुमार दुबे, ग्रंथपाल रामकुमार अंजोरिया एवं सहायक प्राध्यापक आकांक्षा श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. टेबल टेनिस प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय आगर मालवा से हितांश जैन विजेता रहे. वहीं स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर के छात्र संदीप शर्मा उपविजेता रहे. संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के हेतु निम्न छात्र छात्राओं का चयन किया गया. शतरंज महिला वर्ग में माही भाटी, गुंजन जैन, हर्षिता राठौर, अंकित शर्मा, शतरंज पुरुष वर्ग में शैलेंद्र मेघवाल, अंकित चौहान, देवकरण सेन, वहीं टेबल टेनिस पुरुष वर्ग में हितांश जैन, संदीप शर्मा, ईश्वर, गोविंद और टेबल टेनिस महिला वर्ग में गुलसरा कुरैशी, अर्शिया खान, नीतू सिसोदिया, मुस्कान मेघवाल का चयन किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों सहित सहायक प्राध्यापक डॉ. आदिश जैन, श्रद्धा पांडे, मुकेश कुमार दांगी, काशीराम प्रजापति, डॉ. रेखा चंद्रपाल, सीमा मुवेल सहित समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे. प्रतियोगिता का संचालन सहायक प्राध्यापक रमेश जमरा ने किया.

### आज निकेलगा आरएसएस का पथ संचलन

**सुसनेर, 4 अक्टूबर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विजयादशमी उत्सव शहर में रविवार को मनाया जाएगा. इसके चलते सुसनेर में पथ संचलन निकाला जाएगा. जिसका एकत्रिकरण मीडिल स्कूल ग्राउंड में होगा. सुबह साढे 8 बजे सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में मीडिल स्कूल ग्राउंड में पहुंचेंगे. यहां पर क्षमता, योग, आसन आदि का प्रकटीकरण होगा. उसके बाद बोद्धिक व प्रार्थना के पश्चात पथ संचलन की शुरूआत होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ पुन: मीडिल स्कूल में पहुंचेगा. इस पथ संचलन में संघ के स्वयंसेवक घोष पर कदमताल करते हुएं शामिल रहेंगे.